कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2
Mail ID-rwdeedbg2@gmail.com

पत्रांक 844. / दिनांक 16/05/2024

प्रेषक,

ई० अवधेश कुमार
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2

सेवा में,

जय माता दी इन्टरप्राईजेज,
पो0–दुखी कुमार यादव,
एवं आपके प्राधिकृत प्रतिनिधि।
ग्राम– पथरा, खिरमा, केवटी,
जिला–दरभंगा (पिन नं0–847121)
(Regd No-2210473 Class-II).

विषयः– शीर्ष MMGSY योजना अन्तर्गत रेलवे गुमटी चन्दौना से गुसहरी टोला तक पथ निर्माण कार्य में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं करने के संबंध में।

प्रसंगः– एकरारनामा संख्या– 24/SBD/2018-19 दिनांक–06.12.2018, इस कार्यालय का पत्रांक–733 दिनांक–25.04.2024 एंव अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा के पत्रांक–1036/ दरभंगा दिनांक–11.05.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि विषयांकित पथ का मूल कार्य आपके द्वारा दिनांक–04.09.2019 को पूर्ण किया गया है। आप अच्छी तरह अवगत है कि पूर्ण किये गये पथ का पॉच वर्षीय अनुरक्षण कार्य करना एकरारनामा का भाग है। अनुरक्षण कार्य करने हेतु बार–बार मौखिक रूप एवं इस कार्यालय के पत्रांक–1017 दिनांक–16.06.2023 एवं पत्रांक–1588 दिनांक–04.09.2023 द्वारा निर्देशित किया गया था, परन्तु अद्यतन आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य नही किया गया है, जो कि एकरारनामा की शर्तो के विरूद्ध आचरण है। ज्ञातव्य हो कि उक्त पथ का अनुरक्षण की जॉच कनीय अभियंता, जाले द्वारा भी BRRMS App से दिनांक–24.11.2023 को किया गया, जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई। इसके बाद सहायक अभियंता, जाले द्वारा भी BRRMS App से दिनांक–22.11.2023 को किया गया, जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई। जिसकी सूचना BRRMS App के द्वारा आपके रजिस्ट्रड मोबाईल नं0 एवं रजिस्ट्रड ई–मेल आई0डी0 पर दिया गया है। फिर भी आपके द्वारा उक्त पथ में कोई सुधार नहीं किया गया है। पुनः सहायक अभियंता, जाले के BRRMS App के Rectification Module में Shedule होने के कारण निरीक्षण दिनांक–23.03.2024 को किया गया, जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई है। तदुपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी दिनांक–22.04.2024 को BRRMS App से Rectification Module में अंकित होने के कारण निरीक्षण किया गया जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई। उक्त पथ में कोई भी Rectification का कार्य नहीं किया गया जिसके कारण अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दभंगा द्वारा दिनांक–11.05.2024 BRRMS App से Rectification Module में अंकित होने के कारण निरीक्षण किया गया जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई। साथ ही अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा के पत्रांक–1036 दिनांक–11.05.2024 द्वारा लिखित रूप से स्पष्ट निदेश दिये है कि "U" ग्रेडिंग में आवश्यक सुधार नहीं करने के करण एकरारनामा को विखंडित करते हुए काली सूची में दर्ज करने हेतु अनुशंसा किया जाय।

अतः आप एक सप्ताह के अन्दर स्पष्टीकरण दें कि क्यों नहीं उक्त कृत के लिए SBD के Clause of Contract की कंडिका–3 अन्तर्गत उप कंडिका–(iv) के तहत एकरारनामा को विखंडित करते हुए कालीकृत करने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दिया जाय। साथ ही आपको निदेशित किया जाता है कि 3 दिनों के अन्दर उक्त पथ में अनुरक्षण कार्य में सुधार करते हुए गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करना सुनिश्चित करें एवं अधोहस्ताक्षरी को भी सूचित किया जाय। ताकि उक्त दंडात्मक कार्रवाई को स्थगित करने की अनुशंसा विभाग से किया जा सके।

विश्वासभाजन
16/5/24
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2
16/05/24

ज्ञापांक 844. / दिनांक 16/05/2024
प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

16/5/24
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2
16/05/24

O/C